**CLASS 12 ISC - Hindi**

Std-XII. | Marks-80

*Sub-Hindi* | *Time-1.5 hours*

---

*(Candidates are allowed additional* ***15 minutes*** *for only reading the paper)*

***ALL QUESTIONS ARE COMPULSORY.***

*The marks intended for questions are given in brackets [ ].*

*Answer questions 1 and 2 in Section A and all questions from Section B from the three of the prescribed* textbooks.

---

. Select the correct option for each of the following questions.

---

. SECTION A

LANGUAGE-41 Marks

Question 1.

Read the passage given below carefully and answer all the questions that follow choosing the right option:-

दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

'कला' शब्द का प्रयोग व्यापक अर्थ में होता है। हर तरह के काम करने की रीति को कला कहते हैं। जैसे बोलने की कला, बात करने की कला। इसी तरह विशेष कार्यों की पद्धति को भी कला कहा जाता है, जैसे बैग बनाने की कला, कपड़ा रँगने की कला आदि। भले ही इन्हें हम कला कहें, ये वास्तव में कौशल हैं।इस प्रकार जिस गुण या कौशल से वस्तु में सुंदरता या उपयोगिता आती है, उसे कला कहा जाता है।

अच्छा संगीतकार बनने के लिए प्रतिभा और लंबी साधना चाहिए। यह सिर्फ मन के भाव की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि एक विशिष्ट कला है, जिसे गहन अध्ययन और अभ्यास से ही प्राप्त किया जा सकता है। ऐसी कला को हम ललित कला (फाइन आर्ट्स) कहते हैं।

ललित कलाएँ पाँच मानी जाती हैं-संगीत कला, नृत्य कला, मूर्ति कला, चित्रकला, और स्थापत्य कला। कुछ विद्वान नाटक को भी ललित कला में मानते हैं, कुछ लोग नाटक को साहित्य में गिनते हैं। इन पाँच कलाओं को भी दो वर्गों में बाँटा जा सकता है। संगीत और नृत्य मंचीय कलाएँ हैं।

पाँचों कलाओं का एक दूसरे से गहरा संबंध है। नृत्य करने के लिए संगीत आवश्यक है। नर्तक- नर्तकियाँ संगीत के अनुसार चेहरे पर भाव प्रदर्शन करते हैं और उसकी ताल पर अंग-संचालन करते हैं। भारत में मंदिरों में मूर्तियाँ दिखाई देती हैं। ये मूर्तियाँ या तो देवी- देवताओं की होती हैं या नृत्य की मुद्राओं की होती हैं। यही बात कुछ हद तक चित्रकला के बारे में भी कही जा सकती है। अजंता की गुफाओं में दीवारों पर जो चित्र बने हैं, उनमें नृत्य की मुद्राएँ देखी जा सकती हैं। स्थापत्य कला का अर्थ है, मंदिर, गिरजाघर, मस्जिद, मीनार, राज महल, और किले आदि निर्माण की कला। ताजमहल स्थापत्य कला का सबसे सुंदर नमूना है, दक्षिण के मंदिर स्थापत्य कला के उत्कृष्ट उदाहरण है राजस्थान के भीलवाड़ा में संगमरमर कला का सबसे सुंदर नमूना है दक्षिण के मंदिर स्थापत्य कला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। राजस्थान के दिलवाड़ा में संगमरमर के बने जैन मंदिर स्थापत्य कला के सुंदरतम नमूने हैं।

i 'कला' शब्द का व्यापक अर्थ इनमें से कौन- सा नहीं है. [25]

(A) विशेष तरह के काम करने की रीति

(B) हर तरह के काम करने की रीति

(C) किसी भी तरह से काम करने की रीति

(D) विशेष कार्यों की पद्धति

ii कला की कौन-सी परिभाषा अधिक उपयुक्त है?

(A) जिस गुण या कौशल से वस्तु में सुंदरता या उपयोगिता आ जाए।

(B) जिस गुण या कौशल से वस्तु की उपयोगिता खत्म हो जाए।

(C) जिस गुण या कौशल से वस्तु की सुंदरता नष्ट हो जाए।

(D) जिस गुण या कौशल से वस्तु की कीमत बढ़ जाए।

iii ललित कला क्या है?

(A) ऐसी कला, जिसे आसानी से सीखा जा सके

(B) ऐसी कला जो प्रकृति प्रदत्त हो

(C) ऐसी कला जिसे गहन अध्ययन और अभ्यास से प्राप्त किया जाए।

(D) उपर्युक्त सभी

Iv एक अच्छा संगीतकार बनने के लिए किन गुणों की आवश्यकता है?

(A) अच्छा प्रशिक्षण
(B) प्रतिभा
(C) साधना
(D) प्रतिभा और लंबी साधना

v पाँच ललित कलाएँ कौन सी हैं?

(A) संगीत कला, नृत्य कला, मूर्तिकला, नाटक और चित्र कला

(B) नृत्य कला, संगीत कला, साहित्य, मूर्तिकला, चित्रकला

(C) संगीत कला, नृत्य कला, मूर्तिकला, चित्रकला और स्थापत्य कला

(D) इनमें से कोई नहींArgue like yeah turn suppose internal

vi नृत्य के संबंध में कौन- सा कथन असत्य है?

(A) नृत्य करने के लिए संगीत आवश्यक है।

(B) नर्तक-नर्तकियाँ संगीत के अनुसार चेहरे का भाव प्रदर्शन करते हैं।

(C) भारत के मंदिरों में देवताओं की मूर्तियाँ नृत्य की मुद्राओं में होती हैं।

(D) संगीत की ताल पर अंग संचालन संभव नहीं है।

vii. मंदिर, मस्जिद, मीनार, व किले आदि के निर्माण की कला क्या कहलाती है?

(A) मूर्तिकला (B) चित्रकला (C) ललित कला. (D) स्थापत्य कला

Viii. स्थापत्य कला के संबंध में कौन- सा कथन सत्य है?

(A) दक्षिण के मंदिर स्थापत्य कला का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

(B) ताजमहल स्थापत्य कला का सबसे सुंदर उदाहरण है।

(C) राजस्थान में दिलवाड़ा का जैन मंदिर स्थापत्य कला का सुंदरतम नमूना है।

(D) उपर्युक्त सभी

Ix. निम्नलिखित में कौन सा- युग्म असत्य है?

(A) नर्तक-नर्तकी (B) देवी-देवता (C) मूर्तिकार-मूर्तिकारी (D) विद्वान-विदुषी

x. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?

(A) ललित कला (B) स्थापत्य कला (C) कला के विभिन्न रूप (D) विशिष्ट कला

xi. मंचीय कलाएँ कौन-कौन हैं।

(A) नाटक और चित्रकला

(B) नाटक और स्थापत्य कला

(C) मूर्ति कला और स्थापत्य कला

(D) संगीत और नृत्य कला

xii. इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है?

(A) उत्कृष्ट (B) उतकृष्ट (C) उत्कृष्ट (D) उत्कृष्ठ

xiii. दिलवाड़ा का जैन मंदिर किस राज्य में स्थित है?

(A) उत्तर प्रदेश (B) हिमाचल प्रदेश (C) मध्य प्रदेश (D) राजस्थान

xiv.ललित कलाओं को कितने वर्गों में बाँटा जा सकता है?

(A) चार (B) तीन (C) पाँच (D) दो

xv. नर्तक-नर्तकियाँ संगीत के अनुसार चेहरे पर क्या प्रदर्शन करते हैं?।

(A) नृत्य (B) नाटक (C) भाव का ( D) चित्रकला का

xvi. ललित कलाओं की संख्या कितनी मानी गई है?

(A)एक (B)पाँच (C)चार (D)सात

xvii. पाँचों कलाओं का एक दूसरे से कैसा संबंध है?

(A) गहरा (B) हल्का (C) ऊपरी (D) भीतरी

xviii. नृत्य करने के लिए क्या आवश्यक है?

(A) घुघरू (B) मंच (C) मंदिर (D) संगीत

xix. भारत के मंदिरों में मूर्तियाँ किन की होती हैं?

(A) देवताओं की (B) देवी- देवताओं की

(C) नृत्य की मुद्राओं की. (D) देवी- देवताओं या नृत्य मुद्राओं

xx. अजंता की गुफाओं में दीवारों पर जो चित्र बने हुए उनमें क्या देखी जा सकती हैं?

(A) नृत्य (B) संगीत (C) स्थापत्य कला (D) नृत्य की मुद्राएँ

xxi. स्थापत्य कला का अर्थ क्या है?

(A) राज महल और किले आदि के निर्माण की कला

(B) मंदिर और गिरजाघर के निर्माण की कला

(C) मस्जिद और मीनार के निर्माण की कला

(D) उपर्युक्त सभी

xxii. गुण या कौशल से वस्तु में क्या आती है?

(A) सुंदरता (B) उपयोगिता (C) गुण तथा उपयोगिता (D) सुंदरता तथा उपयोगिता

xxiii. खाली स्थान को सही शब्द से भरें-

(a) कुछ लोग नाटक को ______ में गिनते हैं।

(A) नृत्य (B) संगीत (C) साहित्य (D) उत्कृष्ट

(b) कुछ विद्वान नाटक को भी ______ में मानते हैं।

(A) ललित कला (B) नृत्य कला (C) संगीत कला (D) स्थापत्य कला

xxiv. नाटक की जगह अन्य किस शब्द का प्रयोग किया जा सकता है?

(A) नृत्य (B) अभिनय (C) नुक्कड (D) अभिनव

2 .निर्देशानुसार सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए। [16]

i) शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए

a) A. उनके प्राण चले गए। B. उनका प्राण चला गया

C. उनके प्राणों चले गए। D. इनमें से कोई नहीं

b) A. मैंने अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं।

B. मैंने अपने हस्ताक्षर कर दी है।

C. मैंने अपने हस्ताक्षर कर दिया है।

D. इनमें से कोई नहीं

ii) किस वाक्य में मुहावरे का गलत प्रयोग है?

A. अब तुम जले पर मिर्च मत छिड़को ।
B. परीक्षा में प्रथम आने पर राधा अपना सा मुंह लेकर रह गई।
C. अपमान भरे शब्द सुनकर कोई भी आपे से बाहर हो जाता है।
D. बुरा समय आने पर अपने भी आँख फेर लेते हैं।

iii) रिक्त स्थान के लिए सटीक मुहावरा चुनिए।

a )अध्यापक से मेरी शिकायत करके तुम मेरे लिए _______ बन गए हो।

A. आंख के तिनके

B. आंखों का तारा

C. अंधे की लाठी

D. अंधेरे घर का उजाला

b) श्यामू से पत्र क्या पढ़ाओगे, उसके लिए तो ________ है।

A. कायापलट होना

B. कान भरना

C. कान का कच्चा

D. काला अक्षर भैंस बराबर

Iv) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ बताइए -

a) "आग में घी डालना"

A. आग को तेज करना

B.आग को शांत करना

C. आग को बुझाना

D. क्रोध भड़काना

b) "आकाश से बातें करना"

A. हवाई यात्रा करना

B. बहुत ऊँचा हो

C. ऊपर की तरफ देखना

D. इनमें से कोई नहीं

v) "छोटी सी बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहना" के लिए सटीक मुहावरा चुनिए।

A. डिंग मारना

B. ढोल पीटना

C. तिल का ताड़ बनाना

D. टोपी उछालना

vi) किस वाक्य में पुनरुक्ति दोष है?

A. मुझे केवल दस रुपए मात्र मिले।

B  कृपया आज का अवकाश देने की कृपा करें।

C  मैं सप्रमाण सहित बता रहा हूँ।

D  उपर्युक्त सभी में।

vii) निम्नलिखित वाक्य में कौन सा दोष है?

a)दिल्ली भारत का राजधानी है।

A. विशेषण संबंधी अशुद्धि

B. वचन संबंधी अशुद्धि

C. लिंग संबंधी अशुद्धि

D.संज्ञा संबंधी अशुद्धि

b) हरा वाली साड़ी दिखाओ।

A. संज्ञा संबंधी अशुद्धि

B. सर्वनाम संबंधी अशुद्धि

C. विशेषण संबंधी अशुद्धि

D. लिंग संबंधी अशुद्धि

Viii) a) अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

A. तुम्हारे सब कपडे फटे हैं।

B. सोए हुए को मत जगाओ।

C. हिमालय ऊंची पहाड़ है।

D. सभी धोबियों ने कपड़े धोए।

b) शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

A. यहाँ पर कल एक लड़का और लड़की बैठी थी।

B. प्रधानाचार्य अध्यापक को बुलाए।

C.हमारा लक्ष्य देश की चहुँमुखी प्रगति होनी चाहिए।

D. मुझसे दूध नहीं पिया जाता।

Ix) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए।

A. चरित्र निर्माण

B. हमारे

C. लक्ष्य होना चाहिए।

D. कोई नहीं

x) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए।

A. अध्यापक ने

B. कहा गया कि

C. कल सभी छात्र

D. पुस्तकें ना लाएँ

xi.) इनमें से सही मुहावरा पहचानिए।

A. कंगाली में चावल गीला

B. कंगाली में आटा गीला

C. कंगाली में नमक गीला

D. बंगाली में मिट्टी गीला

## SECTION B

### PRESCRIBED TEXTBOOKS-39 Marks

Answer all questions from the three prescribed textbooks.

गद्य संकलन

1. प्रेमचंद उर्दू में किस उपनाम से कहानियाँ लिखा करते थे? [13]

A. धनपतराय

B. नवाबराय

C. उपन्यास सम्राट

D. प्रेमचंद

2. बाबू चैतन्यदास के जीवन स्तंभ क्या थे?

A. मनोविज्ञान के सिद्धांत
B. राजनीति शास्त्र के सिद्धांत
C. अर्थशास्त्र के सिद्धांत
D. समाजशास्त्र के सिद्धांत

3. इस उदारता के प्रकाश में चैतन्यदास को अपनी ____ अत्यंत भयंकर दिखाई देती थी।

A भौतिकता
B आत्मशून्यता
C हृदयहीनता
D उपर्युक्त सभी

4. सीताराम जी के संबंध में कौन सा तथ्य गलत है?

A वह एक कांग्रेसी कार्यकर्ता थे।
B उनके दो बच्चे थे
C उनकी तनख्वाह पचास रुपए थी।
D वे बी.ए. पास थे।

5. सीताराम जी की उम्र कितनी थी?

A 25-26
B 30-32
C 35-36
D 26-27

6. राजद्रोह के अपराध में सीताराम जी को कितने दिन का कारावास हुआ?

A पाँच महीने का
B छः महीने
C एक साल
D दो साल

7. नायब तहसीलदार साहब से गौरी का विवाह कब होना निश्चित हुआ ?

A आगामी आश्विन मास
B आगामी श्रावण मास

C आगामी आषाढ मास

D आगामी कार्तिक माह

8."दिन भर तो यहीं लगा दिया। अब जल्दी चलने को कहते हो।" यह किसने, किससे कहा?

A रज्जब ने गाड़ीवान से

B ठाकुर ने गाड़ीवान से

C गाड़ीवान ने रज्जब से

D ठाकुर ने रज्जब से

9. गाँव वाले ठाकुर को किस शब्द से संबोधित करते थे?

A राजा  B मालिक  C माई-बाप  D ठाकुर साहब

10. रज्जब के पास कितनी रकम थी?

A दो सौ  B तीन सौ  C चार सौ  D दो-तीन सौ

11. रज्जब रोजगार करके कहाँ लौट रहा था?

A ललितपुर  B मथुरा  C मड़पूरा  D वाजिदपुर

12 अर्ध कुंभ का मेला कब लगता है?

A पौष महीने में  B माघ महीने में.

C चैत महीने में  D सावन के महीने में

13 मदालसा के नाश्तादान में कौन- कौन से पकवान थे?

A मोयनदान कचौड़ियाँ

B रायता एवं चटनी

C बूँदी के लड्डू

D उपर्युक्त सभी

काव्य मंजरी

1. "मुवां पीछे जिनि मिलै, कहै कबीरा राम।" इसके बाद वाली सही पंक्ति चुनिए। [13]

A पारस घाटा लो सब, तब पारस कोने काम।।

B पारस घाटा लोह सब, पारस को ने काम।।

C पाथर घाटा लौह सब, (तब) पारस कोणें काम।।

D पाथर घाटा लौह सब, सब पारस कोणे काम।।

2. कबीर दास जी की रचनाओं का प्रमाणिक संग्रह क्या है?

A शब्द B रमैनी C साखी D बीजक

3. कबीर दास जी की भाषा को क्या कहा जाता है?

A अरबी B अवधी C ब्रज D सधुक्कड़ी

4. ब्रजभाषा के कृष्ण भक्त कवियों में किन का स्थान सर्वोपरि है?

A बलभद्र. B सूरदास. C कबीरदास. Dगिरधर

5. सूरदास जी किस काव्य धारा के कवि थे ?

A भक्तिकाल की सगुण धारा

B कृष्ण काव्य धारा

C सगुण कृष्ण काव्य धारा

D उपर्युक्त सभी

6. 'धूत' शब्द का क्या अर्थ है?

A धूल B धूर्त C धन D धूप

7 एक दिवस सुखिया के तन को ____ मैंने पाया। पंक्ति पूरी कीजिए।

A विह्वल B ताप-तप्त C शिथिल D चुपचाप

8 दीप- धूल से क्या अच्छादित था?

A मंदिर का आँगन

B मंदिर का द्वार

C मंदिर के बाहर

D मंदिर का सिंह पौर

9. पिता अपनी बेटी की अंतिम अभिलाषा क्यों पूरा नहीं कर सका?

A लोगों ने उसे मुक्के घूँसे मारकर गिरा दिया था।

B उसके हाथों से प्रसाद बिखर गया था।

C बेटी की मृत्यु हो गई थी।

D उपर्युक्त सभी

10. 'अर्धशती हहराती निकल गई है तब से' यहाँ 'अर्धशती' का क्या अर्थ है?

A पाँच वर्ष B सौ वर्ष C पचास वर्ष D दस वर्ष

11. कवि ने धरती में क्या बो दिया था?

A सेम के बीज

B आम के बीज

C फूल के बीज

D उपर्युक्त सभी

12. सियारामशरण गुप्त जी की रचनाओं में किस की छाप स्पष्ट दिखाई देती है ?

A सत्य एवं अहिंसा की

B करुणा एवं विश्व बंधुत्व की

C गांधीवादी विचारधारा की

D उपर्युक्त सभी

13. 'आः धरती कितना देती है' कविता से क्या संदेश मिलता है?

A यह वसुधा रत्न प्रसविनी नही है।

B जो कुछ हम धरती में बोते हैं वह कम करके लौटा देती है।

C हम जैसा बोते हैं वैसा ही फल पाते हैं।

D परिश्रम के बिना भी अच्छे फल प्राप्त होते हैं

'आषाढ़ का एक दिन'

1. "मुझे डांटो कि भीग कर क्यों आई हूँ" यहाँ श्रोता कौन ह? [13]

A मल्लिका B अंबिका C संगिनी D अंबा

2. नाटक का खलनायक कौन है?

A कालिदास B मातुल C विलोम D प्रियंगुमंजरी

3. निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता कालिदास में नहीं है ?

A नाटक का नायक

B कश्मीर का सेनापति

C मल्लिका का प्रेमी

D सम्राट विक्रमादित्य का दरबारी कवि

4. "मैं वास्तव में अपनी भावना से प्रेम करती हूं, जो पवित्र है, कोमल है, अनश्वर है.....।'' यहाँ पवित्र, कोमल अनश्वर क्या है?

A भावना B श्रद्धा Cमानवता D परोपकार

5. हरिनशावक को किसने आहत किया?

A कालिदास ने B. दंतुल ने C विलोम ने D अनुस्वार ने

6. "अभी-अभी दो-तीन राज्य कर्मचारियों को हमने घोड़ों पर आते देखा है'' राज्य कर्मचारियों को आते, किसने देखा है ?

A अंबिका ने B मल्लिका ने C कालिदास ने D विलोम ने

7. माँ को किस बात की चिंता हो रही है?

A लोकवाद B मानवतावाद C अपवाद D जनवाद

8."यह तो कहो कि द्वार तक रक्त बिंदुओं के चिन्ह बने हैं अन्यथा इन बादलों से घिरे दिन में मैं तुम्हारा अनुसरण कर पाता?"-यहाँ वक्ता कौन है?

A दंतुल B अंबिका C मल्लिका D विलोम

9. "तुम यह सोच कर भूल कर रहे हो कि हम इसे तुम्हारे हाथ में सौंप देंगे'' यहाँ क्या सौंपने की बात की जा रही है?

A पुस्तक B हरिनशावक C हरिन D कमल का फूल

10. आषाढ़ का एक दिन नाटक की नायिका कौन है?

A अंबिका B प्रियंगुमंजरी C मल्लिका संगिणी

11. प्रकोष्ठ का अर्थ क्या है?

A दालान या कमरा B विशेष प्रकार का पलंग C राजमहल D बगीचा

12. किवाड़ पर किन वस्तुओं के चित्र बनाए गए हैं ?

A पेड़ का चित्र B स्वास्तिक का चित्र C गणेश तथा विष्णु का चित्र D कमल तथा शंख का चित्र

13. उज्जयिनी से आए हुए दो अधिकारी कौन हैं ?

A रंगिणी , संगिनी B अनुस्वार, अनुनासिक C दंतुल, मातुल D निक्षेप, सापेक्ष